आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 25.04.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने श्रीनगर में पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश में राफ्टिंग बेस स्टेशन और बहुमंजिला पार्किंग का शिलान्यास किया।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने रुद्रपुर में क्षेत्रीय मृदा परीक्षण प्रयोगशाला और कार्यालय का लोकार्पण किया।
- हेमकुंड साहिब पैदल यात्रा मार्ग से सेना के जवानों ने बर्फ हटाना शुरू किया, 25 मई को खुलने है कपाट।

## सेना प्रमुख समीक्षा

भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए आज श्रीनगर पहुंचे। सेना प्रमुख को श्रीनगर स्थित चिनार कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने समग्र सुरक्षा स्थिति और आतंकवादियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई तथा नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन करने की पाकिस्तानी सेना की कोशिशों के बारे में जानकारी दी। जनरल द्विवेदी ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात कर हमले के बाद समग्र सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की।

## ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के पहले चरण के अन्तर्गत आज 100 करोड़ रुपए की लागत से आईकॉनिक सिटी ऋषिकेश राफ्टिंग बेस स्टेशन का शिलान्यास किया। परियोजना के पहले चरण में इसका निर्माण शिवपुरी से मुनी की रेती तक किया जाएगा। परियोजना को दो वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने 135 करोड़ रुपए की लागत से एक हजार से अधिक वाहनों की क्षमता वाली बहुमंजिला पार्किंग व कार्यालय भवन का भी शिलान्यास किया।

उन्होंने नगर निगम ऋषिकेश के अन्तर्गत लगभग डेढ़ करोड़ रुपए के विभिन्न कार्यों का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यावरण मित्रों को मेडिकल किट और यात्री मित्र किट भी प्रदान किए। उन्होंने हाइड्रोजेल वॉटरलेस टॉयलेट का भी उद्घाटन किया। श्री धामी ने कहा कि ऋषिकेश में राफ्टिंग बेस स्टेशन बनने से राफ्टिंग क्षेत्र से जुड़े स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा के लिए राफ्टिंग मार्गों की रियल टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था विकसित किए जाने के साथ ही सीसीटीवी कैमरे, एसओएस अलार्म और आपातकालीन सहायता स्टेशन भी स्थापित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषिकेश में एक हजार से अधिक वाहनों की क्षमता वाले बहुमंजिला पार्किंग के बनने के बाद ट्रैफिक और पार्किंग की समस्या से काफी राहत मिलेगी। चारधाम यात्रा के समय ऋषिकेश में होने वाली ट्रैफिक जाम की स्थिति को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषिकेश में सोलह सौ करोड़ रुपए से अधिक की लागत से क्षेत्र के बुनियादी ढ़ांचे को सशक्त बनाने का प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य हर क्षेत्र मे तेजी से आगे बढ़ रहा है। श्री धामी ने लोगों से आह्वान किया कि वर्ष में एक दिन मिलकर तिरंगे के साथ गंगा नदी में राफ्टिंग करें, इससे देशभक्ति का एक अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा।

मुख्यमंत्री औचक निरीक्षण

चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप में एल.ई.डी. स्क्रीन के माध्यम से तीर्थयात्रियों को भजन, रामायण, महाभारत, चारधाम यात्रा संबंधी कहानियों और आरतियों को दिखाया जाएगा। साथ ही मौसम संबंधित जानकारियां उपलब्ध करायी जायेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऋषिकेश में चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप के औचक निरीक्षण के दौरान ये बात कही। मुख्यमंत्री ने आगामी चारधाम यात्रा को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय में पंजीकरण कक्ष, यात्रा पूछताछ व सहायता केंद्र, चिकित्सालय, पुलिस सहायता, खोया पाया केंद्र जैसी विभिन्न व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार धाम यात्रा से पहले ट्रांजिट कैंप में रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था को 24 घंटे चालू रखा जाए। मुख्यमंत्री ने ट्रांजिट कैंप में श्रद्धालुओं के ठहरने और गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने ट्रांजिट कैंप स्थित अस्पताल में सभी प्रकार की दवाइयों की व्यवस्था और चिकित्सकों की तैनाती करने को भी कहा। मुख्यमंत्री ने भीड़ प्रबंधन और ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष तौर पर एक्शन प्लान बनाकर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए।

सूर्या ड्रोन टैक– 2025

भारतीय सेना की मध्य कमान और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स के सहयोग से आगामी 29 से 30 अप्रैल तक देहरादून कैंट के जसवंत ग्राउंड, में सूर्य ड्रोन टैक– 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय एक्सपो विभिन्न रक्षा उपयोगों के लिए उपयुक्त स्वदेशी ड्रोन प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करेगा, जो "आत्मनिर्भर भारत" पहल के अनुरूप है।

मृदा परीक्षण प्रयोगशाला

कृषि मंत्री व ऊधमसिंह नगर जिले के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने आज रुद्रपुर में लगभग दो करोड़ की लागत से बने कृषि विभाग की नवनिर्मित क्षेत्रीय मृदा परीक्षण प्रयोगशाला और कार्यालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने 15 कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किये। कृषि मंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में ज्यादा फर्टिलाइज़र्स का उपयोग करने से काश्तकारों के जमीनो की उर्वरा शक्ति कम हो गई है। इस प्रयोगशाला में काश्तकारों की खेतों की मिट्टी का परीक्षण कर उनकी भूमि में नाइट्रोजन, फॉसफोरस, मेग्नेशिएम, पोटास, सलफर, जिंक, आयरन, कॉपर आदि की जाँच की जाएगी। जांच के बाद किसान अपनी भूमि पर किस प्रकार की खाद का प्रयोग करेंगे, उसके लिये किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किये गए हैं। श्री जोशी ने कहा कि बेहतर जानकारी से किसानों की उत्पादकता व उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुना करने की दिशा में यह एक सार्थक कदम साबित होगा।

हेमकुंड साहिब

चमोली जिले में स्थित सिखों के पवित्र तीर्थ स्थल हेमकुंड साहिब पैदल यात्रा मार्ग से सेना के जवानों ने बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया है। इस समय चार किलोमीटर पैदल मार्ग, ग्लेशियर और बर्फ से पटा है। हेमकुंड साहिब व लक्ष्मण मंदिर के कपाट आगामी 25 मई को खुलने है, जिसके लिए जिला प्रशासन, सेना और हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा ट्रस्ट की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि घांघरिया से आगे हेमकुंड साहिब तक भारी मात्रा में पैदल रास्ता बर्फ से ढका है और सेना के जवानों ने पैदल मार्ग से बर्फ हटाना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि जैसे ही बर्फ हटाने का कार्य संपन्न हो जाएगा, उसके बाद अन्य सुविधाएं बहाल कर दी जाएंगी।

जिलाधिकारी गंगोत्री निरीक्षण

प्रदेश में चारधाम यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में आज उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने गंगोत्री धाम का दौरा कर यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने गंगोत्री में नगर पंचायत द्वारा संचालित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को चालू नहीं करने पर ईओ को कड़ी फटकार लगायी और प्लांट को तीन दिन के भीतर क्रियाशील करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही गंगोत्री धाम के प्रवेश द्वार से मंदिर परिसर तक पैदल मार्ग पर किए गए अवैध अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने नव निर्मित हैलीपैड का भी निरीक्षण किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने गंगोत्री धाम में स्नान घाटों और वहां तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए किए गए इंतजामों को भी देखा। उन्होंने स्नान घाट के अंतिम चरण के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के साथ ही धाम परिसर व स्नान घाटों, पैदल मार्गो में रंग रोगन और सजावट कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।

पासपोर्ट कैम्प

चम्पावत जिले में दो दिवसीय पासपोर्ट मोबाइल वैन कैम्प का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, देहरादून से आई टीम ने कैंप लगाकर लोगों का पंजीकरण किया। अपर जिलाधिकारी जयवर्धन शर्मा ने बताया कि कैम्प में 50–50 के दो स्लॉट के जरिए 100 लोगों के पासपोर्ट बनाने की कार्यवाही की गई। इससे स्थानीय लोगों को काफी लाभ मिल रहा है।

वहीं, कैंप में पासपोर्ट बनाने आए लोगों ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि जिले में पासपोर्ट कार्यालय नहीं होने से उन्हें परेशानियां होती थीं, लेकिन मोबाइल वैन कैम्प से उन्हें अपने जिले में ही यह सुविधा मिल रही है।